# सिक्के तथा नोट

AUG6H1

✦ नीचे दिए गए नोटों के चित्रों को देखो । उनके मूल्य चौखटों में लिखो ।



इस नोट का मूल्य ______ रुपये है ।



इस नोट का मूल्य ______ रुपये है ।



इस सिक्के का मूल्य ______ रुपये है ।



इस सिक्के का मूल्य ______ रुपया है ।

✦ खाली चौखटों में कुल रकम (मूल्य) लिखो ।

✤ 

६५० रुपये

✤ 

______ रुपये

✤ 

______ रुपये

टोनी : मेरे पास ३ नोट हैं । उनका कुल मूल्य ७५ रुपये है ।
सलमा : मेरे पास भी ७५ रुपये हैं परंतु मेरे पास ५ नोट हैं ।
टोनी : ऐसा कैसे हो सकता है ?
टोनी के पास के नोट इस प्रकार के हैं ।



कुल [ ] रुपये

और सलमा के पास के नोट इस प्रकार के हैं ।



कुल [ ] रुपये

अर्थात दोनों का कहना सही है ।

संजू : मेरे पास १०० रुपयों का १ नोट, २० रुपयों के ४ नोट और १ रुपये के ६ सिक्के हैं, तो मेरे पास कुल कितने रुपये हैं ?



राजू : तुम्हारे पास कुल १८६ रुपये हैं ।
अनिता : मेरे पास ४ नोट हैं । उनका कुल मूल्य १७० रुपये है, तो ये नोट कौन-से हैं ?

| ₹ १०० | ₹ ५० | ₹ १० | ₹ १० |
|---|---|---|---|

✦ क्या अन्य किसी अलग प्रकार से तथा ४ नोटों की सहायता से १७० रुपये दिए जा सकते हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

✍ शिक्षकों के लिए : कार्डों पर संख्याएँ लिखकर विद्यार्थियों से नोट तैयार करने के लिए कहें और उनके आधार पर खेल खेलवाएँ ।